हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 22 सितंबर 2025

11 समाज के उत्थान के लिए महाराजा अग्रसेन ...



10 शारदीय नवरात्र आज से शुरू, मंदिरों में गूंजायमान...





## खबर संक्षेप

### राकेश मलिक ने किसी का दबाव नहीं माना

**तोशाम।** जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा की राकेश मलिक ने हमेशा मजदूर, किसान व व्यापारियों के लिए संघर्ष किया और संघर्ष के दौरान किसी भी राजनेता या अधिकारी का दबाव नहीं माना, इसके लिए वह चाहे परिवार सहित जेल में भी रहे लेकिन किसी राजनेता या सरकार के सामने सरेंडर नहीं किया। जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि कृष्ण मलिक ने देर रात्रि तोशाम की बीपीएल कॉलोनी व वाल्मिकी बस्ती में बिजली, पानी व सड़क की समस्या को देखा व कहा की ये चेयरमैनी आपकी अपनी है इससे जो भी कार्य बनने के हैं जैसे सुबह से ही लाइटें लगनी शुरू हो जाएंगी पानी व सड़क की जो समस्या है उसे सदन में पास करके शीघ्र ही काम शुरू करवा दिया जाएगा।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**लोहारू।** गांव सिंघानी और पहाड़ी गांव के बीच कथित रूप से एक कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति घायल हो गए। घायल की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में गांव पहाड़ी निवासी जगराम ने बताया कि वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपनी पत्नी के साथ सिंघानी से अपने गांव पहाड़ी लौट रहा था। इस दौरान तेज गति से आई कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### सप्ताहभर में सुधर जाएंगे हालातः अत्री

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में बारिश, सीवरेज, खेतों के पानी सहित चोए के पानी की समस्या के हालात एक सप्ताह के अंदर सुधरने की उम्मीद है। जिसके लिए नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री, वाइस चेयरमैन रीनू तवंर, सभी पार्षदगण सहित नगर पालिका प्रशासन, जन स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित जी-जान से जुटे हुए हैं। हालांकि अभी इस स्थिति पर काबू नहीं पाया जा सका है लेकिन प्रथम जलघर से लेकर सुंदर नहर तक 24 ईंची पाइपलाइन बिछाई गई है। हालिया पानी निकासी के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है।

### रक्त की एक-एक बूंद जीवन के लिए अनमोल

**तोशाम।** गांव साहलेवाला में रविवार को ग्राम पंचायत कमेटी द्वारा बाबा सावंत नाथ को समर्पित रक्तदान शिविर व सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कुप्रथा निषेध अभियान कमेटी के पूर्व चैयरमेन जेपी हसान व सरपंच प्रतिनिधि चन्द्रभान कालीरामना ने बैज लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में 33 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए पूर्व चैयरमेन जेपी हसान ने कहा कि रक्त की एक-एक बूंद मानव जीवन के लिए अनमोल है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए रक्तदान करके ही रक्त की पूर्ति की जा सकतीं है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करते रहना चाहिए। चैयरमेन ने कहा कि सामाजिक कुप्रथा निषेध अभियान कमेटी समाज में फैलीं कुप्रथाओं को जड़ से मिटाने के लिए प्रयासरत है जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहें हैं।

# विद्यार्थियों में बदलाव ला रही है बदलाव की पाठशाला, स्कूल परिसर और आसपास के वातावरण को हरा-भरा बनाना कार्यक्रम का उद्देश्य

### घुसकानी में पौधरोपण व संरक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है कि उन्हे सिर्फ शिक्षा तक सीमित ना रखा जाए, बल्कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों से भी जोड़ा जाए, ताकि देश का भविष्य जागरूक बन सकें। इसी कड़ी में अपने सराहनीय कदम बढ़ाते हुए जिला के गांव घुसकानी स्थित वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में तैनात शारीरिक शिक्षक व फालसा इको क्लब के नोडल अधिकारी व विनोद पिंकू के नेतृत्व में बदलाव की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत विद्यार्थियों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता व नशा के खिलाफ जैसे सामाजिक अभियानों से जोड़ा जा रहा है।

**खास बातें**

- विद्यार्थियों को सभ्य व जागरूक बनाना ही बदलाव की पाठशाला का मुख्य उद्देश्य
- छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

#### शिक्षकों एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से पौधों की देखभाल के लिए विशेष जिम्मेदारियां सौंपी

**खाली जगह में लगाए पौधे**

इसी कड़ी में बदलाव की पाठशाला के तहत फालसा ईको क्लब, शिक्षकों व ग्रामीणों की संयुक्त पहल से फालसा इको क्लब के नोडल अधिकारी व शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू के नेतृत्व में रविवार को पर्यावरण संरक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय परिसर और उसके आसपास के वातावरण को हरा-भरा बनाना है। अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण, खेल मैदान व आसपास की खाली जगहों पर पौधरोपण किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। वही दूसरी तरफ शिक्षकों एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से सभी पौधों की देखभाल के लिए विशेष जिम्मेदारियां तय की गई हैं।



**भिवानी।** घुसकानी स्कूल में पेड़ों की छंटाई करते शारीरिक शिक्षक। *फोटोः हरिभूमि*

**विद्यार्थियों को सभ्य नागरिक बनाएं**

इस मौके पर विनोद पिंकू ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है तथा वह भविष्य विद्यालय में ही तैयार होता है। ऐसे में यह शिक्षकों का दायित्व है कि वे विद्यार्थियों को एक सभ्य व जागरूक बनने के लिए भी तैयार करे तथा बदलाव की पाठशाला का यही मुख्य उद्देश्य है कि विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों से जोडकर उनमें सकारात्मक बदलाव लाए जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों के लिए अनिवार्य है। इसी सोच के साथ बदलाव की पाठशाला यह संदेश दे रही है कि सच्ची शिक्षा तभी सार्थक है जब उसमें प्रकृति और समाज की जिम्मेदारी भी शामिल हो। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने संकल्प लिया कि विद्यालय परिसर को हरियाली का प्रतीक बनाने के लिए जोर-शोर से प्रयास करेंगे।

## सुबह 6:27 से 8:16 बजे तक रहेगा कलश स्थापाना का शुभ मुहूर्त

# शारदीय नवरात्र आज से शुरू, मंदिरों में गूंजायमान होंगे माता रानी के जयकारे

**मंदिरों में सजे माता रानी के दरबार, नवरात्रों की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने की जमकर खरीददारी**

राकेश भटठी ⏭ भिवानी



**भिवानी।** सराय चौपटा स्थित दुकान पर नवरात्र की पूजा अर्चना का सामान खरीददती महिलाएं। *फोटोः हरिभूमि*

शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से शुरू होकर एक अक्टूबर बुधवार को संपन्न होंगे और शहर के सभी मंदिर जगत जननी माता रानी के जयकारों से गूंजायमान होंगे। इस बार माता रानी हाथी पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर पधारेंगी, जो धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शुभ संकेत हैं। 22 सितम्बर सोमवार को हस्त नक्षत्र, ब्रह्म योग एवं सर्वार्थ सिद्धि योग है। 22 को सुबह 6:27 से 8:16 बजे तक 1 घंटा 49 मिनट कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त और दोपहर 12:07 से 12:55 तक 48 मिनट अभिजीत मुहूर्त रहेगा। इस बार नवरात्र 10 दिन के होंगे, ये अद्भुत संयोग लगभग 9 साल बाद बना है, इससे पहले 2016 में भी नवरात्र 10 दिन के थे। उल्लेखनीय हैं कि शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से शुरू होकर एक अक्टूबर बुधवार तक रहेंगे। सभी मंदिर जगत जननी माता रानी के जयकारों से गूंजायमान होंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रविवार व सोमवार के दिन नवरात्रों का शुभारंभ होता हैं तो माता रानी हाथी पर सवार होकर आती हैं। इस बार माता रानी हाथी पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर पधारेंगी, जो धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शुभ संकेत हैं। 22 सितम्बर सोमवार को हस्त नक्षत्र, ब्रह्म योग एवं सर्वार्थ सिद्धि योग है। 22 को सुबह 6:27 से 8:16 बजे तक 1 घंटा 49 मिनट कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त और दोपहर 12:07 से 12:55 तक 48 मिनट अभिजीत मुहूर्त रहेगा और नवरात्र 10 दिन के होंगे, ये अद्भुत संयोग लगभग 9 साल बाद बना है, इससे पहले 2016 में बना था। नवरात्रों में मां के नौ रूपों की पूजा और आराधना की जाती है और भक्तजन व्रत भी रखते हैं। शारदीय नवरात्रों की तैयारियां को लेकर दिनभर बाजारों में भीड़ रही। महिलाओं व श्रद्धालुओं ने नवरात्रों को लेकर जमकर खरीददारी की। वहीं शहर के मंदिरों को लाइटों, लड्डियों से सजाया और मंदिरों में स्थापित माता रानी के दरबार को सुंदर पोशाक से पहनाई गई। मंदिर में साफ सफाई की, ताकि माता रानी की विशेष कृपा बरसे और उनका आशीर्वाद मिले।

**हाथी पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर पधारेंगी जगत जनती माता रानी, बेहद शुभ संकेत**

#### जगत जननी का हाथी पर आना शुभ

केएल ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक पंडित विजय शास्त्री ने बताया कि रविवार व सोमवार के दिन नवरात्रों का शुभारंभ हो तो माता रानी हाथी पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर आती हैं, जो धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शुभ संकेत हैं। इससे ये प्रतीत होता हैं कि सालभर अच्छी बरसात होगी और किसानों को भरपूर उपज मिलेगी। जनता के जीवन में अच्छे परिवर्तन देखने को मिलेंगे। उन्होंने बताया कि नवरात्रों पर माता रानी की नौ दिन तक पूजा अर्चना पूरे विधि विधान से करने के लिए जौ, धूप, फूल, पान, फल, लौंग, कपूर, अक्षत, सुपारी, कलश, कलावा, नारियल, माता की लाल चुनरी, लाल वस्त्र, इलायची, पान के पत्ते, लालचंदन, दीपक व माता का श्रृंगार का इस्तेमाल करें।



केएल ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक पंडित विजय शास्त्री।

#### 24 व 25 को दो दिन मां चंद्रघण्टा की होगी पूजा

घट स्थापना करके पहले नवरात्र 22 सितंबर को मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाएगी और श्रद्धालु उनसे परिवार की सुख समृद्धि की कामना करेंगे। वहीं दूसरे नवरात्र 23 सितंबर को मां ब्रह्मचारिणी, 24 व 25 को दो दिन तक मां चंद्रघण्टा की पूजा अर्चना होगी। 26 को मां कुष्माण्डा, 27 को मां स्कंदमाता, 28 को मां कात्यायनी, 29 को मां कालरात्रि, 30 सितंबर को मां महागौरी व मां सिद्धिदात्री तथा एक अक्टूबर को मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर कन्याओं को भोजन करवाकर रामनवमी मनाई जाएगी और नवरात्रों का समापन होगा।

#### बाजारों में रही भीड़

नवरात्रों पर महिलाएं नौ दिन पर उपवास रखकर माता रानी से आशीर्वाद की कामना करती हैं, इसी के चलते किरयाणा की दुकानों पर व्रत में कुट्टू का आटा, सामक, काली मिर्च, सेंधा नमक, पापड़, पेठा मिठाई सहित व्रत में खाने वाली चीजों की खरीददारी के लिए काफी भीड़ रही।

#### इन मंदिरों में रहती भीड़

माता रानी के दर्शनों के लिए शहर के अलावा गांवों के मंदिरों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रहती हैं। कृष्णा कॉलोनी फाटक पार दुर्गा कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर, नया बाजार स्थित भोजावाली देवी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है।



**लोहारू।** लघु सचिवालय में महापड़ाव के दौरान नारेबाजी करते हुए धरनारत किसान। *फोटोः हरिभूमि*

## सरकार के खिलाफ गरजे किसान

# 68 दिनों से जारी है किसानों का अनिश्चितकालीन महापड़ाव

- पिछले कई दिनों से प्रदेश में खाद की भारी कमी है और किसानों को जरुरत के अनुसार खाद नहीं मिल रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

करोड़ों रुपयों के बकाया फसल बीमा क्लेम के भुगतान को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों का महापड़ाव स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में 68 दिनों से लगातार जारी है। धरनारत किसानों ने किसान हित की मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा कहा कि सरकार को समय रहते किसानों के सभी बकाया ट्यूबवेल बिजली कनेक्शन जारी करने चाहिए।

अन्यथा किसान कोई ठोस कदम उठाने को मजबूर होंगे। रविवार को 68वें दिन किसान महापड़ाव धरने की अध्यक्षता महावीर सिंघानी, राजेराम पूर्व सरपंच अहमदवास खेड़ा, धन सिंह सिंघानी, नरेन्द्र फरटिया और उमेद सिंह बुढेडा ने की। जबकि धरने का मंच संचालन जय सिंह गिगनाऊ, सुरेंद्र गोपाल वास और शेर सिंह झांझड़ा हसनपुर ने किया। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव मास्टर जग रोशन ने खाद वितरण प्रणाली पर हरियाणा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से प्रदेश में खाद की भारी कमी है और किसानों को जरुरत के अनुसार खाद नहीं मिल रही। लोग अलसुबह से लेकर देर रात तक खद के कट्टे के लिए कतारों में खड़े रहने को मजबूरा हैं। सरकार को चाहिए कि वह किसानों को पर्याप्त खाद मुहैया करवाए, बकाया ट्यूबवेल बिजली कनेक्शन जारी करे।

#### ये रहे मौजूद

सूबेदार धनपत सिंह, रामपाल सिंघानी, मीर सिंह, रोहतास झुप्पा, महावीर नंबरदार, हवासिंह खरकड़ी, उमेद फरटिया, सूरजभान, महावीर पूनिया, राजेराम, रामसिंह ओबरा,रण सिंह, रोहतास, उमेद सिंह गोठड़ा, पृथ्वी सिंह गोठड़ा, मनफूल ओबरा, अमर सिंह, सूरजभान, यज्ञपाल, बलवंत, नरेन्द्र गिगनाऊ सहित अनेक किसान नेता इस मौके पर मौजूद रहे।

# नपा उपप्रधान चुनाव 25 को

- नगर पालिका उप प्रधान पद के चुनाव पर टिकी लोगों की निगाहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

बवानीखेड़ा और लोहारू हलके के सिवानी नगर पालिका के उपप्रधान पद के चुनावों के बाद अब लोगों की निगाहें लोहारू नगर पालिका के 25 सितंबर को होने वाले उपप्रधान पद पर टिक गई हैं।

लोहारू नपा उपप्रधान पद के लिए महिला पार्षद संजू सैनी का दावा मजबूत माना जा रहा है। ऐसे में यदि पार्षद पूजा सैनी को बहुमत मिलता है और वह उप प्रधान चुनी जाती हैं तो यह लोहारू नगर पालिका के इतिहास में एक रिकॉर्ड होगा। वे उप प्रधान के पद पर आसीन होने वाली पहली महिला उपप्रधान हो सकती हैं। बहरहाल दूसरे पक्ष की ओर से भी पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। 25 सितंबर को कौन नगर पालिका के उप प्रधान की कुर्सी पर विराजमान होगा यह अभी भविष्य में गर्भ में हैं। मार्च 2025 में लोहारू के नागरिकों ने शहर के सभी 14 वार्डो के पार्षद और नपा के लिए प्रधान का चयन कर लिया था। लेकिन करीब छह माह बीत जाने के बाद भी नपा के उप प्रधान की कुर्सी अब तक खाली थी तथा उप प्रधान पद के लिए चुनाव के लिए 25 सितंबर का दिन मुकर्रर किया गया है।

चुनाव की तिथि की घोषणा होने के साथ ही उप प्रधान की कुर्सी पर दावा करने वाले दो तीन उम्मीदवार पूर्व कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल के दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं।

#### सबसे अधिक वोटों से जीतकर पार्षद बनी थी पूजा सैनी

यह भी ज्ञात हो कि वार्ड न. 11 की पार्षद पूजा सैनी लोहारू नगरपालिका के पूर्व में चेयरमैन रहे धनपत सैनी की पुत्रवधू हैं। इस बार पूजा सैनी ने वार्ड न. 11 से 185 वोटों के अंतर से जीत दर्ज करते हुए 390 वोट हासिल किए थे। सभी 14 वार्डो से उन्होंने सबसे अधिक वोटों के अंतर से जीत दर्ज कर रिकॉर्ड बनाया था। यहीं नही वे सैनी समाज का प्रतिनिधित्व करती है।

# स्वच्छता से ही बनेगा स्वच्छ और स्वस्थ भारतः गोयल

- वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' विषय पर किया गया स्लोगन लेखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सेवा पखवाड़े को हमें केवल स्वच्छता तक सीमित न रखें, अपितु सेवा के विविध आयामों को इसमें सम्मिलित करें। सेवा पखवाड़े में स्वयंसेवकों ने आज का दिन स्वच्छता को समर्पित कर यह संदेश देने का प्रयास किया कि स्वच्छता केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। यदि हम सभी ठान लें कि न गंदगी करेंगे और न फैलने देंगे, तो हमारा भारत निश्चित ही स्वच्छ और स्वस्थ भारत बनेगा। यह बात स्थानीय वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत'स्वच्छता ही सेवा' विषय पर आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता एवं मानव श्रृंखला कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कहे।

वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के नेतृत्व एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामना कौशिक एवं डॉ मोहनलाल के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत'स्वच्छता ही सेवा' विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एवं मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों द्वारा बढ़चढ़ कर भाग लिया। स्वयंसेवकों द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मानव श्रृंखला के माध्यम से स्वच्छता एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामना कौशिक एवं डॉ मोहनलाल ने स्वयं सेवको को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा पुरे देश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज को साफ-सुथरा बनाना है।

#### प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें

प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने स्वयंसेवकों को संदेश देते हुए कहा कि वह सेवा पखवाड़े के दौरान स्कूल, कॉलेज, दफ्तर, और गाँव-शहर में सफाई अभियान चलाए। उन्होंने कहा कि हमें अपने घर, स्कूल और आसपास सफाई रखनी चाहिए। प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए। लोगों को स्वच्छता का महत्व बताना चाहिए। वृक्षारोपण और गंदगी मुक्त वातावरण बनाने में योगदान देना चाहिए।

**मार्केट न्यूज**

### एमके हॉस्पिटल द्वारा राम कुंज, हांसी गेट, भिवानी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन



**भिवानी।** एमके हॉस्पिटल ने श्री अग्रवाल सभा रजि. भिवानी के सौजन्य से राम कुंज, हांसी गेट, भिवानी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 240 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। यह पहल शहरी समुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिविर में सामान्य चिकित्सा, बीपी, शुगर, खून की जांच, ईसीजी, मैमोग्राफी, पीएफटी, बीएमडी, न्यूरोपैथी सहित अनेक आवश्यक जांचें निःशुल्क की गईं। साथ ही, मरीजों को आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं। एमके हॉस्पिटल के 10 अनुभवी चिकित्सकों की टीम – जिसमें सामान्य चिकित्सा विशेषज्ञ, कैंसर रोग विशेषज्ञ, लेप्रोस्कोपी एवं गैस्ट्रो सर्जन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, यूरो सर्जन, जनरल सर्जन,बाल रोग विशेषज्ञ, आपातकालीन चिकित्सक, मेडिकल ऑफिसर्स तथा नर्सिंग स्टाफ ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। अस्पताल टीम ने कहा कि – "हमारा उद्देश्य समाज के सभी वर्गों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। इस शिविर के माध्यम से हम भिवानीवासियों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में सफल रहे हैं।"

### कुशलपुरा मंदिर का दानपात्र तोडक़र हजारों की चोरी

**लोहारू।** कुशलपुरा के बालाजी मंदिर में चोरों द्वारा मंदिर का दान पात्र तोडक़र उसमें रखी हजारों रुपयों की दान राशि चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। लोहारू पुलिस ने गांव के सरपंच प्रदीप कुमार की शिकायत पर चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। चोरी की यह घटना मंदिर में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें दो युवक दानपात्र को तोडक़र चोरी करते दिखाई दे रहे हैं। सरंपच प्रदीप कुमार ने बताया कि गांव के बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले पुजारी शुभम तिवारी जब सुबह पूजा पाठ के लिए मंदिर पहुंचा तो मंदिर के ताले और दानपात्र टूटा पड़ा था।

**प्रवचन** भारतीय संस्कृति में आसोजी पितृ अमावस्या का विशेष महत्वः मनक मुनि

# मंत्र जाप से आध्यात्मिक, मानसिक एवं शारीरिक लाभ मिलता और आत्मा शुद्ध होतीः मनक मुनि

- हालुवास गेट फाटक पार स्थित जैन मुनि आश्रम में मंत्र जाप कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भारतीय संस्कृति एवं धर्मों में प्रत्येक दिन की विशेषत होती है, लेकिन आसोजी पितृ अमावस्या जैसे कुछ दिनों की विशेष महत्ता है।

यह दिन मंत्र साधना तथा पितृदोष आदि अनेक दोषों के निवारण के लिए बहुत शुभ होते हैं। इस दिन 'श्री पेंसठिया मंत्र' की स्तुति की गई। इस पाठ के करने से दुःख दूर होते है, यश एवं सम्मान बढ़ता है तथा मनवांछित कामनाएं पूरी होती हैं। वहीं नकारात्मक ऊर्जा और संकट दूर होते हैं। ये बात हालुवास गेट फाटक पार स्थित जैन मुनि आश्रम में पूज्यश्री मनक मुनि महाराज ने कही। उन्होंने 'श्री पेंसठिया मंत्र-यंत्र तथा ओम अ.भी. रा. शि. को. नमः मंत्र जप अनुष्ठान पर मंगल प्रसंग सुनाया। मनक मुनि महाराज ने बताया कि श्रीपेंसठिया मंत्र-यंत्र चौबीस भगवानों के नामों से निर्मित सिद्ध मंत्र है, जो पितृदोष आदि का निवारक तथा बहुत मंगलकारी है। 'ॐ अ.भी. रा. शि. को. नमः' मंत्र पांच महान तपस्वी सन्तों के आदि नामाक्षर से बना है, जो अत्यन्त प्रभावशाली, विघ्न विनाशक तथा सुख समृद्धि कारक मंत्र हैं, जो शांति व उपद्रवों से मुक्ति दिलाता है।

#### कार्यक्रम में ये मौजूद रहे

इस दिव्य आयोजन में आश्रम संचालिका डॉ. उषा जैन, मधु वर्मा व रेखा शर्मा आदि ने विधिवत सस्वर लयबद्ध तरीके से जप अनुष्ठान को सरस व सुन्दर तरीके से संपन्न करवाया। कार्यक्रम में राकेश कटारिया, प्रवीण बिन्दल, नीलम जैन, नरेश लहरिया, आनन्द बासिया, मदनलाल जैन, ओमप्रकाश जैन, केशव जैन, श्यामलाल गर्ग, सुरेन्द्र शर्मा, सुरेश वर्मा, सज्जन, मनोज, राजू, दिनेश, मोहित, अमित, राजा, रामबाबू, संजय, प्रेम, शारदा, सीमा, नीलम, उर्मिला, ईशा, मैना, मीना, कान्ता, स्नेहा, अर्चना, स्वीटी, शोभा, आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, सोमवार, 22 सितंबर 2025

## सेवा पखवाड़ा के तहत जागरूकता के लिए आयोजित की जा रही हैं विभिन्न विभागों गतिविधियां : डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में सरकार द्वारा पूरे देश भर में सेवा पखवाड़ा और स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिले में विभिन्न विभागों द्वारा अनेक प्रकार की गतिविधियां और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, वहीं स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में जनभागीदारी का आह्वान किया गया है। गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का एक प्रमुख आकर्षण 25 सितम्बर को आयोजित होने वाली एक दिन, एक घंटा, एक साथ नामक राष्ट्रव्यापी श्रमदान गतिविधि है।




## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**लोहारू।** उपमंडल के गांव ढिगावा में कार की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। घायल की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अमीरवास निवासी राकेश ने बताया कि वह ढिगावा में पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने गया था, इस दौरान कार ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर कार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने उन्हें हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

### रामलीला का मंचन कल से होगा शुरू, तैयारी पूरी

**लोहारू।** आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में 23 सितंबर से शुरू होने वाले रामलीला मंचन कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं। रामलीला मैदान को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है तथा कलाकारों की रिहर्सल में अंतिम दौर में चल रही है। रामलीला मंचन कार्यक्रम का शुभारंभ डीएसपी संजीव कुमार बतौर मुख्यातिथि करेंगे। यह जानकारी आदर्श रामलीला समिति प्रधान संतुराम सैनी, सचिव पवन शर्मा, कैशियर रिंकू तायल, गोपाल तायल आदि ने दी। थाना प्रभारी जरनैल सिंह भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रधान संतुराम सैनी ने बताया कि कलाकार महीने से रिहर्सल कर रहे हैं।



### दुकानदारों ने दूषित पानी निकासी की लगाई गुहार

**बवानीखेड़ा।** नपा कार्यालय पीछे जमा सीवरेज के गंदे पानी से पूरी मार्केट सड़ने लगी है इसकी बदबू से दुकानदारों का दुकानों पर बैठना दुभर हो गया है तो वहीं आमजन का यहां से निकलना मुश्किल हो गया है। नपा कार्यालय में कर्मचारियों को बदबू का सामना करना पड़ता है। साथ लगती गाड़िया लोहार बस्ती में लोगों का जीवन यापन दुभर हो गया है। दुकानदारों ने बताया कि पहले उनकी दुकानों के आगे जमा था लेकिन नपा प्रशासन द्वारा इसके निकलवाने का कार्य किया लेकिन अब ये पानी वीके फोटो स्टेट व नपा कार्यालय के पीछे जमा है।

---

### महाराजा अग्रसेन जयंती के तहत 8 दिवसीय कार्यक्रमों का हुआ समापन

# समाज के उत्थान के लिए महाराजा अग्रसेन ने चलाई थी एक ईंट-एक रुपया मुहिम : सर्राफ

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि भारत संत-महापुरुषों का देश है। संत-महापुरुषों ने ही हमेशा समाज को सही दिशा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन वैश्य समाज के अग्रदूत थे। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं।

■ महाराजा अग्रसेन द्वारा दिखाए मार्ग पर चलकर प्रत्येक व्यक्ति जी सकता है उच्च जीवन : सीमा बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. द्वारा आयोजित 8 दिवसीय सामाजिक कार्यक्रमों का समापन रविवार को स्थानीय महाराजा अग्रसेन चौक पर प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद चखा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने शिरकत की तथा अध्यक्षता श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. की चेयरपर्सन सीमा बंसल व प्रधान कांता बंसल ने की।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि भारत देश संत महापुरुषों का देश है। संत-महापुरुषों ने ही हमेशा समाज को सही दिशा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन वैश्य समाज के अग्रदूत थे। उन्होंने समाज में आपसी भाईचारा एवं व्यापार बढ़ाने के लिए एक ईंट-एक रुपया का सहयोग करने की मुहिम चलाई, जिसके कारण समाज का उत्थान एवं विकास हुआ। उन्होंने कहा कि हमें महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों पर चलना चाहिए तथा आपसी भाईचारे को भूलना नहीं चाहिए। इस मौके पर चेयरपर्सन सीमा बंसल व प्रधान कांता बंसल ने कहा कि महापुरुष समाज के हर वर्ग के लोगों के प्रेरणा स्रोत होते हैं। महाराजा अग्रसेन जैसे महापुरुषों ने समाज को ऐसी दिशा दिखाने का काम किया है, जिसके सहारे चलकर लोग आज भी उच्च जीवन जी सकते हैं।



**भिवानी।** अग्रसेन जयंती अवसर पर प्रसाद वितरित करते विधायक घनश्याम सर्राफ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जरूरतमंदों के सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहते थे। इसी अभियान पर चलते हुए उनकी जयंती समारोह के तहत भिवानी में अग्रबंधुओं द्वारा लोगों की भलाई के कार्य किए जा रहे हैं। जिसके तहत प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

### कार्यक्रम में ये रहे माजूद

इस अवसर पर श्री अग्रवाल सभा रजि. भिवानी के प्रधान सुनील सर्राफ, अजय सर्राफ, स्नेहा बंसल, सुमन बंसल, श्वेता गर्ग, संजू बंसल, किरण बंसल, अनीता गर्ग, पिंकी गर्ग, सीमा अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग व महिलाएं मौजूद रहे।

---

## 21 साल बाद मिली 37.62 करोड़ की सौगात

### विधायक सांगवान ने दादरी-रोहतक स्टेट हाईवे निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

■ लोगों की 21 साल पुरानी मांग हुई पूरी

■ सड़क निर्माण पर 37.62 करोड़ रुपये होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

विधायक सुनील सांगवान ने गांव बौंदकलां में नारियल फोड़कर दादरी-रोहतक स्टेट हाईवे के निर्माण का शुभारंभ किया। यह सड़क करीब 37.62 करोड़ रुपये से तैयार होगी। विधायक सांगवान ने कहा कि भाजपा सरकार ने 21 साल बाद ये सौगात दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने क्षेत्र को अनेक विकास की सौगात दी हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दादरी हलका में अनेक विकास परियोजनाएं धरातल पर लागू होंगी। विधायक ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तय समय से पहले रोड का निर्माण करवाएं। इसके निर्माण के बाद दादरी से रोहतक, पानीपत, जींद सहित चंडीगढ का रास्ता आसान होगा। इस अवसर पर लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी व आसपास के गांवों के पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।



**भिवानी।** निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक सुनील सांगवान। फोटो : हरिभूमि

## दूषित पेयजल निकासी के लिए जिलाध्यक्ष ने दिए अधिकारियों को मौके पर बुलाकर निर्देश

■ जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है भाजपा सरकार : विरेंद्र कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

विजय नगर में पिछले कई दिनों से चल रही दूषित पेयजल सप्लाई की गंभीर समस्या से परेशान निवासियों को रविवार को कुछ राहत मिली, जब भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक स्वयं मौके पर पहुंचे।

उन्होंने लोगों की शिकायतों को सुना और तुरंत ही जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। बता दे कि विजय नगर निवासी पिछले कई दिनों से दूषित पेयजल समस्या से जूझ रहे थे, जिसके कारण उन्हें अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। लोगों ने कई बार स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों से शिकायत की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। लोगों की लगातार शिकायतों और असंतोष को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने रविवार को विजय नगर का दौरा किया। उन्होंने लोगों से बातचीत की समाधान का आश्वासन दिया।



**भिवानी।** अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए।

## बाढ़ड़ा के लोगों को मिली स्वर्ण जयंती पार्क की सौगात

■ स्वर्ण जयंती पार्क का निर्माण पूरा, आठ हजार लोगों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

कस्बे के लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। लंबे समय से स्वर्ण जयंती पार्क का निर्माण कार्य चल रहा था, जो अब पूरा हो चुका है। पार्क बनने से कस्बे के करीब आठ हजार लोगों को सीधा लाभ होगा। पार्क निर्माण के लिए 48 लाख रुपये का टेंडर हुआ था, लेकिन मात्र 33 लाख रुपये की लागत से ही कार्य पूरा कर लिया गया है।

पार्क का डिजाइन आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इसका लाभ उठा सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्क बनने से कस्बे के वातावरण में स्वच्छता और हरियाली बढ़ेगी, वहीं बच्चों को खेलने और बुजुर्गों को टहलने के लिए सुरक्षित जगह उपलब्ध होगी। स्वर्ण जयंती पार्क आने वाले दिनों में कस्बे के लोगों के लिए मनोरंजन एवं स्वास्थ्य का प्रमुख केंद्र बनेगा। उपमंडल मुख्यालय पर स्वर्ण जयंती पार्क का निर्माण न होने से कस्बे के लोग पिछले छह साल से इंतजार में थे। क्षेत्र के लोगों को सुबह शाम घुमने के लिए कोई जगह नहीं थी।



**भिवानी।** कस्बे में निर्माण किया गया स्वर्ण जयंती पार्क।

### पार्क में लोगों को ये सुविधाएं मिलेंगी

हरियाणा पंचायतीराज विभाग के जेई विनोद कुमार ने बताया कि कस्बे के छह कनाल जमीन पर पार्क का निर्माण करने के लिए सरकार ने 48 लाख रुपये जारी किए थे, लेकिन स्वर्ण जयंजी पार्क का निर्माण विभाग ने मात्र 33 लाख रुपये में ही करवाया दिया। जेई विनोद कुमार ने बताया कि उपमंडल मुख्यालय पर बनने वाले स्वर्ण जयंती पार्क में वाकिंग ट्रक, पानी की टंकी, शौचालय, चौकीदार का कमरा, मैदान में हरी घास लगाना, पेड़ पौधे लगाए, लाईटे, ग्रील व गेट आदि लगवाए गए है। गांव के पश्चिम ओर श्मशान घाट के रास्ते पर छह कनाल जमीन पर भव्य पार्क का निर्माण किया है, जिससे कस्बे की करीब आठ हजार की आबादी को लाभ मिलेंगा। कस्बे में अब न कोई खेल मैदान है, न कोई पार्क था, जहां पर लोग सुबह शाम घुम सके, इससे निर्माण से लोगो को लाभ मिलेंगा। बुजुर्ग खिलाड़ी रामकिशन शर्मा जो राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर 288 से अधिक पदक अपने नाम कर चुके है। उन्होंने भी पार्क निर्माण पर खुशी जताई हैं, ताकि बुजुर्ग, बच्चे सुबह शाम अभ्यास कर सके और सबकों इसका लाभ मिल सकेगा।



**भिवानी।** पदक विजेता को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## जैस्मिन का स्वर्ण पदक अन्य बेटियों को करेगा प्रेरित: फूल सिंह

■ विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मिनी क्यूबा के नाम से मशहूर भिवानी लंबे समय से भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मुक्केबाज और खिलाड़ी देता आया है। मुक्केबाज विजेंद्र सिंह से लेकर कई अन्य मुक्केबाजों ने यहां से निकलकर देश का मान बढ़ाया है। अब भिवानी की बेटी जैस्मिन लंबोरिया ने भी इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्वर्णिम उपलब्धि हासिल की है।

इंग्लैंड के लीवरपूल में आयोजित विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 57 किलोग्राम भार वर्ग में महिला मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश को स्वर्ण पदक दिलाया। स्वर्ण पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया की उपलब्धि पर रविवार को सैक्टर-13 में दि भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान (आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त) रामकिशन शर्मा व डा. फूल सिंह धनाना के नेतृत्व में अन्य खेलप्रेमियों ने उन्हे सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डा. फूल सिंह ने कहा कि जैस्मिन जैसी बेटियां अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उनकी उपलब्धियां साबित करती हैं कि बेटियां आज हर क्षेत्र में बेटों से आगे निकल रही हैं। डा. फूल सिंह धनाना ने कहा कि जैस्मिन लंबोरिया की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और लगन से कोई भी बेटी आसमान की ऊंचाइयों को छू सकती है।

### छह महीने से नहीं मिला मेहनत का कमीशन , रोजी-रोटी का संकट खड़ा हुआ

## काली दिवाली मनाने को विवश होंगे भिवानी के डिपो होल्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी के डिपो होल्डर इस दिवाली को काली दिवाली के रूप में मनाने को मजबूर है, क्योंकि पिछले छह महीने से लंबित कमीशन और राशन वितरण की मशीनों के लगातार डाउन रहने से उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है।

इन गंभीर समस्याओं पर चर्चा करने के लिए डिपो होल्डरों ने रविवार को स्थानीय पतराम गेट पर बैठक का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने अपनी पीड़ा और मांगों को सरकार के सामने रखने का निर्णय लिया है। बैठक को संबोधित करते हुए डिपो होल्डर हरदेश कुमार हैप्पी ने बताया कि पिछले छह महीने से उन्हें अपनी मेहनत का कमीशन नहीं मिला है, जिसके कारण उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि डिपो होल्डरों की आर्थिक स्थिति पूरी तरह से इस कमीशन पर निर्भर करती है और लंबे समय से कमीशन न मिलने के कारण उन्हें अपने घर का खर्च चलाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक संकट के साथ-साथ, डिपो होल्डर राशन वितरण मशीनों का धीमे सर्वर की समस्या से भी जूझ रहे है। उन्होंने बताया कि मशीनों का सर्वर इतना धीमा है कि एक व्यक्ति के अंगूठा लगाने में 10 से 20 मिनट तक का समय लग जाता है। इस वजह से डिपो पर लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे डिपो होल्डर और राशन लेने आए नागरिक दोनों ही परेशान होते हैं। इस अवसर पर मा. बिशन स्वरूप, पंकज कुमार सब्जी मंडी, सुरेंद्र कुमार हनुमान गेट, नितिन बासिया पतराम गेट, पवन कुमार पतराम गेट, शैलेस कुमार भोजावाली देवी, प्रमोद कुमार घोसियान चौक, साहिल कुमार आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** कमीशन नहीं मिलने का विरोध जताते डिपो संचालक। फोटो : हरिभूमि

### रुका हुआ कमीशन तुरंत जारी करने की मांग

बैठक में डिपो होल्डरों ने सरकार से तुरंत इन समस्याओं का समाधान करने की मांग की। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि पिछले छह महीने से रुका हुआ कमीशन तुरंत जारी किया जाए ताकि डिपो होल्डरों को आर्थिक संकट से राहत मिल सके। वर्तमान में उपयोग हो रही मशीनों को बदलकर नई मशीनें दी जाएं, जिनमें 5 जी सर्वर हो, ताकि राशन वितरण की प्रक्रिया तेज और सुचारू रूप से चल सके। इस दौरान डिपो होल्डरों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि इन मांगों को लेकर जल्द ही सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# अग्रवाल समाज के प्रेरणास्रोत

हेमचंद विक्रमादित्य महापुरूष
दिल्ली के अन्तिम हिन्दू सम्राट

दानवीर
सेठ भामाशाह

शेरे पंजाब
लाला लाजपतराय

स्वतंत्रता सेनानी
लाला दीनदयाल

जयदयाल गोयनका
संस्थापक गीता प्रेस

स्वतंत्रता सेनानी
राम मनोहर लोहिया

स्वतंत्रता सेनानी
सेठ जमनालाल बजाज

स्वतंत्रता सेनानी
ला. शंकरलाल संघी

स्वतंत्रता सेनानी
ला. हुकमचन्द जैन

प्रमुख साहित्यकार
बालमुकन्द गुप्ता

भारतेन्दु हरिशचन्द्र
प्रसिद्ध साहित्यकार

परम गौभक्त
लाला हरदेव सहाय जी

स्वतंत्रता सेनानी
बनारसी दास गुप्ता

दानवीर
सेठ किरोड़ीमल जी

सत्य संकल्प पुरोधा
सेठ पतरामदास जी

सेठ रामजीदास गुड़वाला

घनश्याम दास बिड़ला
प्रमुख उघोगपति

अशोक सिंघल
अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष VHP

मेजर विवेक गुप्ता
महावीर चक्र विजेता
शहीद कारगिल युद्ध

मेजर योगेश गुप्ता
शहीद–आपरेशन प्रचंड प्रहार
जम्मू कश्मीर




**रामदेव तायल**
प्रधान श्री अग्रसेन ट्रस्ट, भिवानी

**आनंद बांसिया**
पूर्व पार्षद
मैनेजर के.एम. पब्लिक स्कूल, भिवानी

**दीपक बंसल**
Executive Director
Kaddam Hospital

**पूनम चंद**
टीटू घंटाघर वाले

**राजीव मित्तल**
सागर ट्रेवल मार्ट भिवानी

**अमित बंसल मुंढालिया**
संस्थापक सदस्य नंदीशाला सेवादल, भिवानी

**दिवाकर जैन**
सचिव, श्री अग्रवाल सभा

**दिनेश गोयल**
यूरेका एडवाईजरी सर्विसीज
अध्यक्ष, जेसीआई भिवानी डायमंड
कार्यकारिणी सदस्य, अग्रवाल सभा

**मनीष वैध**
कोषाध्यक्ष
श्री अग्रवाल सभा

**अनमोल गर्ग**
रामा साड़ी सेंटर

सभी प्रदेशवासियों को

## महाराजा अग्रसेन जयंती

एवं

## शारदीय नवरात्रि

की हार्दिक शुभकामनाएं

**नरेंद्र सर्राफ**
पूर्व प्रधान, अग्रवाल सभा
पूर्व पार्षद

**नवीन कुमार गुप्ता**
भाजपा जिला कोषाध्यक्ष
जिला अध्यक्ष- भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ
जिला भिवानी, हरियाणा

**रामचंद्र मित्तल**
अग्रवाल सभा कार्यकर्ता

**नरेश मीनू अग्रवाल**

**वरुण सिंगला**
अग्रवाल वैश्य समाज युवा जिला अध्यक्ष,
भिवानी

**सुमित खेमका**
पूर्व प्रधान
श्री अग्रवाल सभा